रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
+ भारत का मानचित्र
No. of printed pages : 7
+ Map of India

**110**

**410 (IUT)**

# 2024
# इतिहास
# HISTORY

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं।

**Directions :** There are in all 25 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 11 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 11 are to be answered in about 50 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 12 से 18 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।
Question No. 12 to 18 are to be answered in about 125 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
Question No. 19 to 23 are to be answered in about 250 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
Question No. 24 is Case/Source based question, to be answered as directd.

(ix) प्रश्न संख्या 25 से संबंधित मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका में संलग्न कीजिए।
Attach the map related to Question No. 25 in your answer-book.

(x) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.



[ P.T.O.

1. (क) सिन्धु घाटी सभ्यता में जुते हुये खेत के साक्ष्य किस पुरातात्विक स्थल से प्राप्त हुए हैं- 1

(i) मोहनजोदड़ो (ii) कालीबंगन
(iii) हड़प्पा (iv) लोथल

From which archaeological site has evidence of ploughed field in the Indus Valley Civilization been found–

(i) Mohenjodaro (ii) Kalibangan
(iii) Harappa (iv) Lothal

(ख) 'अर्थशास्त्र' नामक ग्रन्थ किस राजवंश के शासनकाल में लिखा गया - 1

(i) हर्यक वंश (ii) शिशुनाग वंश
(iii) नन्द वंश (iv) मौर्य वंश

The book named 'Arthashastra' was written in the reign of which dynasty–

(i) Haryak dynasty (ii) Shisunag dynasty
(iii) Nanda dynasty (iv) Maurya dynasty

(ग) वी.एस. सुकथांकर किस भाषा के प्रमुख विद्वान थे- 1

(i) संस्कृत (ii) तमिल
(iii) फ्रेंच (iv) अंग्रेजी

V. S. Sukthankar was a prominent scholar of which language–

(i) Sanskrit (ii) Tamil
(iii) French (iv) English

(घ) महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया था - 1

(i) लुम्बिनी (ii) बोधगया
(iii) सारनाथ (iv) कुशीनगर

Where did Mahatma Buddha give his first sermon -

(i) Lumbini (ii) Bodh Gaya
(iii) Sarnath (iv) Kusinagara

(ङ) फ्रांस्वा वर्नियर था - 1

(i) एक अर्थशास्त्री (ii) एक चिकित्सक
(iii) एक इंजीनियर (iv) एक सैनिक

Francois Bernier was -

(i) An Economist (ii) A Doctor
(iii) An Engineer (iv) A Soldier

(च) किस संत की वाणी का संग्रह 'बीजक' नाम से प्रसिद्ध है- 1

(i) रामानुज (ii) गुरू नानक
(iii) रहीम (iv) कबीर

The collection of speeches of which Saint is famous by the name 'BIJAK'–

(i) Ramanuj (ii) Guru Nanak
(iii) Rahim (iv) Kabir

(छ) जलियांवाला बाग हत्याकांड किस वर्ष हुआ - 1

(i) 1917 (ii) 1919 (iii) 1921 (iv) 1928

In which year did the Jallianwala Bagh massacre take place -

(i) 1917 (ii) 1919 (iii) 1921 (iv) 1928

(ज) 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण था- 1

(i) चर्बीयुक्त कारतूस

(ii) अवध का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय

(iii) ईसाईयों द्वारा धर्म का प्रचार

(iv) उपरोक्त सभी

The immediate cause of the rebellion of 1857 was –

(i) Greased cartridges

(ii) Merger of Awadh into British Empire

(iii) Propagation of religion by Christians

(iv) All of the above

**निर्देश :** प्रश्न संख्या-1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of Question No.-1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A)** : सिन्धु घाटी सभ्यता को पुरातत्ववेत्ताओं ने हड़प्पा संस्कृति के नाम से इंगित किया है।

**कारण (R)** : उत्खनन कार्य में केवल हड़प्पा में ही सिन्धु घाटी सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं। 1

**Assertion (A)** : Indus Valley Civilization is referred to by archaeologists as the name of Harappan culture.

**Reason (R)** : In the excavation work, remains of Indus Valley Civilization have been found only in Harappa.

(ञ) **अभिकथन (A)** : चौरी-चौरा कांड के बाद गाँधी जी को असहयोग आंदोलन वापस लेना पड़ा।

**कारण (R)** : गाँधी जी का अहिंसात्मक संघर्ष में विश्वास था। 1

**Assertion (A)** : Gandhiji withdrew the non-cooperation movement after the Chauri-Chaura incident.

**Reason (R)** : Gandhi believed in non-violent struggle.

2. सोलह महाजनपदों का उल्लेख सर्वप्रथम कहाँ मिलता है? 1
Where is the mention of sixteen Mahajanapadas found for the first time?

3. सुत्त पिटक में किसकी शिक्षाओं को संग्रहित किया गया है? 1
Whose teachings are collected in Sutta Pitaka?

4. खालसा पंथ (पवित्रों की सेना) की नींव किसने डाली थी? 1
Who laid the foundation of the Khalsa Panth (army of the pure)?

5. विजयनगर वास्तुकला के दो प्रमुख उदाहरण क्या हैं? 1
What are the two main examples of Vijayanagara architecture?

6. बम्बई दक्कन में लागू की गयी राजस्व प्रणाली को क्या कहा जाता है? 1
What is the revenue system introduced in the Bombay Deccan called?

7. भारतीय संविधान की प्रारुप समिति के अध्यक्ष कौन थे? 1
Who was the chairman of the drafting committee of the Indian Constitution?

8. अभिलेख किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2
What are Inscriptions? Clarify.

9. 'खानकाह' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2
Write a short note on 'Khanqahs'.

10. पहाड़िया लोगों ने बाहरी लोगों के आगमन पर कैसी प्रतिक्रिया दर्शायी? 2
How did the Paharias react to the coming of Outsiders?

11. चरखे को 'राष्ट्रवाद' का प्रतीक क्यों चुना गया था? 2
Why was the Charkha chosen as a symbol of 'Nationalism'?

12. 'साँची के स्तूप' के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए। 3
Discuss the role of the begums of Bhopal in the preservation of the 'Sanchi Stupa'.

13. भारतीय संस्कृति को जैन धर्म की देन क्या थी? स्पष्ट कीजिए। 3
What was the contribution of Jainism to Indian culture. Clarify.

**अथवा /OR**

'महायान' तथा 'हीनयान' बौद्ध मत से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए।
What is meant by 'Mahayana' and 'Hinayana' Buddhism? Clarify.

14. विजयनगर साम्राज्य की अमर-नायक प्रणाली का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 3
Briefly describe the Amara-Nayaka system of Vijayanagara Empire.

15. मुगल साम्राज्य में कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए। 3
Describe the role played by women in agricultural production in the Mughal Empire.

16. 'कर्नाटक की वीरशैव परम्परा' को संक्षेप में समझाइये। 3
Describe the 'Virashaiva Tradition in Karnataka' briefly.

**अथवा /OR**

किताब-उल-हिन्द पर एक लेख लिखिये।

Write a note on Kitab-ul-Hind.

17. दक्कन के रैयत ऋणदाताओं के प्रति क्रुद्ध क्यों थे? 3

Why were Deccan ryots angry with the moneylenders?

18. भारतीय संविधान के प्रमुख अभिलक्षणों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the main features of the Indian Constitution.

अथवा /OR

उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था?

What were the ideals expressed in the Objectives Resolution?

19. 'सिन्धु घाटी सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता) एक विकसित नगरीय सभ्यता थी।' इस कथन की विवेचना कीजिए। 5

'Indus Valley Civilization (Harappan Civilization) was a developed Urban Civilization'. Discuss this statement.

अथवा /OR

हड़प्पा सभ्यता में शिल्प उत्पादन पर एक विस्तृत लेख लिखिये।

Write a detailed article on Craft production in the Harappan Civilization.

20. आरम्भिक समाज में स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों की विषमतायें कितनी महत्वपूर्ण रही होंगी? कारण सहित उत्तर दीजिये। 5

How important were gender differences in early societies? Give reasons for your answer.

21. मुगल भारत में पंचायत और गाँव का मुखिया किस तरह से ग्रामीण समाज का नियमन करते थे? विवेचना कीजिए। 5

Discuss the ways in which Panchayats and Village Headmen regulated rural society in Mughal India.

22. "उत्थान एवं पतन प्रकृति का शाश्वत नियम है।" इस कथन के आलोक में विजयनगर साम्राज्य के पतन के कारणों का विवरण दीजिए। 5

"Rise and Fall are the eternal law of nature". In the light of this statement, give the reasons for the decline of the Vijayanagara Empire.

अथवा /OR

स्थापत्य की कौन-कौन सी परम्पराओं ने विजयनगर के वास्तुविदों को प्रेरित किया। उन्होंने इन परम्पराओं में किस प्रकार बदलाव किये?

Which architectural traditions inspired the architects of Vijayanagara. How did they transform these traditions?

23. 1857 का विद्रोह, भारतीय स्वाधीनता का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था। इसके कारणों की विवेचना कीजिए। 5

The rebellion of 1857 was the first freedom war of Indian Independence. Discuss its reasons.

अथवा /OR

1857 के विद्रोह को कुचलने के लिये अंग्रेजों ने क्या-क्या कदम उठाये? विस्तार से समझाइये।

What steps did the British take to crush the rebellion of 1857? Explain in detail.

24. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

5 अप्रैल 1930 को महात्मा गाँधी ने दाण्डी में कहा था-

जब मैं अपने साथियों के साथ दाण्डी के इस समुद्रतटीय टोले की तरफ चला था तो मुझे यकीन नहीं था कि हमें यहां तक आने दिया जायेगा। जब मैं साबरमती में था तब भी यह अफवाह थी कि मुझे गिरफ्तार किया जा सकता है। तब मैंने सोचा था कि सरकार मेरे साथियों को तो दाण्डी तक आने देगी लेकिन मुझे निश्चय ही यह छूट नहीं मिलेगी। यदि कोई यह कहता है कि इससे मेरे हृदय में अपूर्ण आस्था का संकेत मिलता है तो मैं इस आरोप को नकारने वाला नहीं हूँ। मैं यहाँ तक पहुँचा हूँ, इसमें शांति और अहिंसा का कम हाथ नही है; इस सत्ता को सब महसूस करते हैं। अगर सरकार चाहे तो वह अपने इस आचरण के लिए अपनी पीठ थपथपा सकती है क्योंकि सरकार चाहती तो हम में से हरेक को गिरफ्तार कर सकती थी। जब सरकार यह कहती है कि उसके पास शांति की सेना को गिरफ्तार करने का साहस नहीं था तो हम उसकी प्रशंसा करते हैं। सरकार को ऐसी सेना की गिरफ्तारी में शर्म महसूस होती है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा काम करने में शर्मिन्दगी महसूस करता है जो उसके पड़ोसियों को भी रास नहीं आ सकता, तो वह एक शिष्ट-सभ्य व्यक्ति है। सरकार को हमें गिरफ्तार न करने के लिए बधाई दी जानी चाहिए भले ही उसने विश्व जनमत का ख्याल करके ही यह फैसला क्यों न लिया हो।

कल हम नमक कर कानून तोड़ेंगे। सरकार इसको बर्दाश्त करती है कि नहीं, यह सवाल अलग है। हो सकता है सरकार हमें ऐसा न करने दे, लेकिन उसने हमारे जत्थे के बारे में जो धैर्य व सहिष्णुता दिखाई है उसके लिए वह अभिनन्दन की पात्र है। यदि मुझे और गुजरात व देश भर के सारे मुख्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो क्या होगा? यह आन्दोलन इस विश्वास पर आधारित है कि जब एक पूरा राष्ट्र उठ खड़ा होता है और आगे बढ़ने लगता है तो उसे नेता की जरूरत नहीं रह जाती है।

(i) गाँधी जी ने दाण्डी मार्च की शुरूआत क्यों की? 1

(ii) 'नमक यात्रा' उल्लेखनीय क्यों थी? 1

(iii) नमक सत्याग्रह या दाण्डी मार्च किसके खिलाफ था? 1

(iv) "शांति और अहिंसा को सब महसूस करते हैं" गाँधी जी ने ऐसा क्यों कहा? स्पष्ट कीजिए। 2

Read the following quotation carefully and answer the questions given below–

On 5 April 1930, Mahatma Gandhi spoke at Dandi:

When I left Sabarmati with my companions for this seaside hamlet of Dandi, I was not certain in my mind that we would be allowed to reach this place. Even while I was at Sabarmati there was a rumour that I might be arrested. I had thought that the Government might perhaps let my party come as far as Dandi, but not me certainly. If someone says that this betrays imperfect faith on my part, I shall not deny the charge. That I have reached here is in no small measure due to the power of peace and non-violence : that power is universally felt. The

Government may, if it wishes, congratulate itself on acting as it has done, for it could have arrested every one of us. In saying that it did not have the courage to arrest this army of peace, we praise it. It felt ashamed to arrest such an army. He is a civilised man who feels ashamed to do anything which his neighbours would disapprove. The Government deserves to be congratulated on not arresting us, even if it desisted only from fear of world opinion.

Tomorrow we shall break the salt tax law. Whether the Government will tolerate that is a different question. It may not tolerate it, but it deserves congratulations on the patience and forbearance it has displayed in regard to this party.

What if I and all the eminent leaders in Gujarat and in the rest of the country are arrested? This movement is based on the faith that when a whole nation is roused and on the march no leader is necessary.

(i) Why did Gandhiji start Dandi March? 1

(ii) Why was the Salt March notable? 1

(iii) Against whom was the Salt Satyagraha or Dandi March? 1

(iv) "Everyone feels peace and non-violence" Explain, why did Gandhiji say this? 2

25. दिए गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर ऐतिहासिक महत्व के निम्नलिखित नगरों को अंकित कर उनके नाम भी लिखिए–

(i) धौलावीरा (ii) वैशाली (iii) गोलकुंडा (iv) ग्वालियर (v) मैसूर 5

On the given political outline map of India, plot and name the following places of historical importance:

(i) Dholavira (ii) Vaishali (iii) Golconda (iv) Gwalior (v) Mysore

**नोट -निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है।**

**Note-The following question is only for the blind candidates in lieu of above Question NO. 25.**

भारत के उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्न ऐतिहासिक स्थान स्थित हैं-

(i) धौलावीरा (ii) वैशाली (iii) गोलकुण्डा (iv) ग्वालियर (v) मैसूर 5

Write the name of those states of India where the following historical places are situated –

(i) Dholavira (ii) Vaishali (iii) Golconda (iv) Gwalior (v) Mysore

*****